UNIVERSITY NEWS 08 NOVMBER 2026

HINDUSTAN

कुलगीत से होगी शैक्षणिक कार्यक्रमों की शुरुआत

निर्देश

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अब शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से होगी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने लखनऊ समेत पांच जिलों के सभी संबद्ध महाविद्यालयों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत औपचारिक कार्यक्रमों, सम्मेलनों और समारोहों में राष्ट्रगान से पहले विश्वविद्यालय के अधिकृत कुलगीत का गायन या वादन कराना अपेक्षित होगा।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के सभी संबद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिवार के अभिन्न अंग हैं। ऐसे में मुख्य परिसर और संबद्ध कॉलेजों के बीच अकादमिक और सांस्कृतिक एकजुटता की भावना मजबूत करने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने निर्देश दिया है कि कॉलेजों में आयोजित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशाला, दीक्षारंभ कार्यक्रम, दीक्षा एवं सम्मान समारोह, वार्षिकोत्सव और युवा महोत्सव की शुरुआत कुलगीत से की जाए। कुलपति ने कहा कि कुलगीत किसी भी विश्वविद्यालय की आत्मा और उसकी ज्ञान परंपरा का संगीतमय प्रतीक होता है।

HINDUSTAN

इंजीनियरिंग संकाय में 11 हजार दीयों से जगमगाया परिसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (एफओईटी) में दीपोत्सव 2026 सीजन-5 का आयोजन हुआ। इसमें पूरे परिसर में 11 हजार से अधिक दीये जलाए गए।

कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के संरक्षण और संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह एवं डॉ. सव्य साची के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाईं। इसके साथ ही दीया सजावट प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

TIMES OF INDIA

LU makes varsity anthem mandatory

Mohita.Tewari
@timesofindia.com



PROUD HERITAGE

Lucknow: Lucknow University has directed its affiliated colleges across five districts to begin academic and cultural events with the university anthem. The move aims to strengthen ties between the main campus and its affiliated colleges and instil a sense of institutional pride among students. Vice-chancellor JP Saini has asked all affiliated colleges in Lucknow, Sitapur, Hardoi, Lakhimpur Kheri and Rae Bareli to play or sing the university's anthem at formal academic, intellectual and cultural events. The directive will apply to seminars, conferences, workshops, annual functions, induction programmes, award ceremonies, convocations and youth festivals.

"The university anthem is the musical expression of an institution's soul, its historical struggles, knowledge traditions and collective consciousness. Lucknow University's anthem reflects our rich heritage and commitment to nation-building," the VC said.

He said the university wanted students, teachers and staff members of affiliated colleges to feel emotionally connected with this legacy. Beginning events with the anthem would strengthen institutional pride, discipline and cultural awareness among students, he added.

AMAR UJALA

बीए-बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षा 2026 के तहत बीए और बीएसएसी प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाओं का संभावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। नियमित और इम्प्रूवमेंट के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 28 नवंबर से शुरू होकर 18 दिसंबर तक चलेंगी। विश्वविद्यालय ने गणित और सांख्यिकी विषयों को छोड़कर अन्य विषयों का कार्यक्रम जारी किया है।

परीक्षा नियंत्रक की ओर से सात नवंबर को जारी कार्यक्रम के अनुसार, ज्यादातर विषयों की परीक्षा दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक होगी। वहीं, 16 दिसंबर को होने वाले सह-पाठ्यक्रम (को-करीकुलर) के सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा दोपहर 2:30 से शाम चार बजे तक होगी। हिंदी और क्रियात्मक हिंदी की परीक्षा 10 और 11 दिसंबर को निर्धारित है। मनोविज्ञान, शिक्षा, अर्थशास्त्र, भूगोल, दर्शनशास्त्र और शारीरिक शिक्षा की परीक्षाएं भी अलग-अलग तिथियों में होंगी। ज्योतिर्विज्ञान के विद्यार्थियों की परीक्षा 15 और 17 दिसंबर को होगी। 18 दिसंबर को संगीत की परीक्षा होगी। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर अपडेट देखते रहने की सलाह दी गई है।

लखनऊ विवि : 18 दिसंबर तक चलेंगी बीए की परीक्षाएं



17 दिसंबर तक चलेंगी बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षाएं : बीएससी (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से शुरू होकर 17 दिसंबर तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा का समय दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर से : बीकॉम (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 30 नवंबर को वित्तीय लेखांकन, दो दिसंबर को व्यवसाय संगठन और पांच दिसंबर को सूक्ष्म अर्थशास्त्र का पेपर होगा। आठ दिसंबर को मुद्रा, बैंकिंग एवं विनिमय और 10 दिसंबर को प्रबंधन के मूल सिद्धांत की परीक्षा होगी। वहीं, सह-पाठ्यक्रम का पेपर सात दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

I NEXT

दीपोत्सव-सीजन 5 का आयोजन

LUCKNOW (7 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में दीपोत्सव-सीजन 5 का आयोजन किया गया. समारोह में पूरा परिसर रोशनी, रंगों और परंपरा की अद्भुत छटा में सराबोर हो गया. छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने मिलकर उत्सव की खुशी मनाई.

HINDUSTAN

परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार होंगी परीक्षाएं

एलयू में 28 से शुरू होंगी प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं

18 दिसम्बर तक चलेंगी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं

14 तक कॉलेज को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करना होगा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं नवम्बर के अंतिम सप्ताह से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। छात्र वेबसाइट पर विषयवार परीक्षा तिथियां देख सकते हैं।

जारी कार्यक्रम के अनुसार बीए एनईपी प्रथम सेमेस्टर (मैथमेटिक्स और स्टैटिस्टिक्स को छोड़कर) की परीक्षाएं 28 नवम्बर से शुरू होकर 18 दिसम्बर तक चलेंगी। वहीं, बीएससी एनईपी प्रथम सेमेस्टर और बीए प्रथम सेमेस्टर के मैथमेटिक्स एवं स्टैटिस्टिक्स विषयों की परीक्षाएं 28 नवम्बर से शुरू होकर 17 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवम्बर से शुरू होकर 10 दिसम्बर तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक की पाली में होंगी।

आपत्ति और सुझाव दर्ज कराने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर निर्धारित की गई है। संबंधित लोग अपनी आपत्तियां और सुझाव परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के ईमेल पर भेज सकते हैं।

इसके अलावा व्हाट्सऐप नम्बर 7991200506 पर भी सुझाव भेजने की सुविधा दी गई है। निर्धारित समय सीमा के बाद परीक्षा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

परीक्षा फॉर्म 12 नवंबर तक भर सकेंगे



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर की परीक्षा के ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 12 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। पहले बिना विलंब शुल्क फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सात नवंबर निर्धारित थी।

विश्वविद्यालय के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के पांचवें, सातवें और नौवें सेमेस्टर के साथ तृतीय सेमेस्टर के इम्प्रूवमेंट परीक्षा फॉर्म भी भरे जा रहे हैं। कॉलेजों को ऑनलाइन भरे परीक्षा फॉर्म और शुल्क का विवरण 14 नवंबर तक विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

AMAR UJALA



11 हजार दीयों से जगमगाया लविवि का परिसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (एफओईटी) में दीपोत्सव-2026 सीजन पांच का आयोजन भूमध्याम से किया गया। इस दौरान परिसर में 11 हजार से अधिक दीये जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के संरक्षण और संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह एवं डॉ. सव्य साची के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद छात्रों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोलियों में पारंपरिक आकृतियों के साथ सामाजिक विषयों और पर्यावरण संरक्षण को भी जगह दी गई। समारोह में दीया सजावट प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

लविवि के संबद्ध कॉलेजों में भी गूंजेगा कुलगीत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के महाविद्यालयों में अब शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयोजनों की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से होगी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस संबंध में सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत औपचारिक शैक्षणिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ पर विश्वविद्यालय के अधिकृत कुलगीत का गायन या वादन कराना अपेक्षित होगा। यह व्यवस्था लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के सभी संबद्ध महाविद्यालयों में लागू होगी। विवि प्रशासन कुलगीत की अधिकृत ऑडियो और वीडियो प्रति अपनी वेबसाइट lkouniv.ac.in व कॉलेज लॉगइन पोर्टल पर उपलब्ध कराएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम और परीक्षा केंद्रों की सूची हुई जारी

लखनऊ विवि : बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का शेड्यूल घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर-2026 के अंतर्गत स्नातक स्तर की परीक्षाओं का अनंतिम (टेंटेटिव) परीक्षा कार्यक्रम और परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर व इंप्रूवमेंट) का विस्तृत कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर से शुरू होकर 10 दिसंबर 2026 तक चलेंगी।



● आपत्तियों और सुझावों के लिए मांगा गया समय

वहीं, बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर 2026 से प्रस्तावित हैं। परीक्षाओं का समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक (दो घंटे) निर्धारित किया गया है, जबकि को-करिकुलर विषय की परीक्षा का समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने के लिए 14 नवंबर 2026 की शाम 5:00 बजे तक का समय दिया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची को लेकर आपत्तियां व सुझाव 12 नवंबर तक मांगे गए हैं। संबंधित संस्थान अथवा छात्र अपने सुझाव ईमेल coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सएप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं।

परीक्षा एवं सुझाव संबंधी प्रमुख विवरण

- बीकॉम प्रथम सेमेस्टर परीक्षा : 30 नवंबर से 10 दिसंबर 2026 तक।
- बीए एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा : 28 नवंबर से प्रारंभ।
- परीक्षा का समय : दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक (को-करिकुलर पेपर : दोपहर 2:30 से 4 बजे तक)।
- परीक्षा कार्यक्रम पर सुझाव की अंतिम तिथि : 14 नवंबर 2026 (शाम 5 बजे तक)।
- परीक्षा केंद्रों पर सुझाव की अंतिम तिथि : 12 नवंबर 2026 (शाम 4 बजे तक)।
- सुझाव भेजने का माध्यम : ईमेल coe@lkouniv.ac.in या व्हाट्सएप नंबर 7991200506।
- आधिकारिक वेबसाइट : www.lkouniv.ac.in

AMRIT VICHAR

एफओईटी परिसर में 11 हजार दीयों से जगमगाया 'दीपोत्सव 2026'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संस्कृति, रचनात्मकता और एकजुटता की भावना को प्रज्वलित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (एफओईटी) में 'दीपोत्सव 2026 सीजन 5' का भव्य आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग के साथ आयोजित इस समारोह में पूरा परिसर रोशनी, रंगों और परंपरा की अद्भुत छटा में सराबोर नजर आया, जहाँ विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया।

यह आयोजन एफओईटी के संकायाध्यक्ष (डीन) प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह एवं डॉ. सव्य साची के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संस्थान ने संकाय परिसर में 11 हजार से अधिक दीये प्रज्वलित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। टिमटिमाते दीपों के विहंगम दृश्य ने संपूर्ण परिसर को आकर्षक वातावरण में बदल दिया।

समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा सजाई गई शानदार रंगोली प्रदर्शनी रही। विद्यार्थियों ने पैदल रास्तों और आंगनों को पारंपरिक एवं समकालीन कला के जीवंत कैनवास का रूप दिया। विभिन्न टीमों ने घंटों की मेहनत से आकर्षक ज्यामितीय आकृतियाँ, पुष्प पैटर्न और सामाजिक विषयों पर आधारित रंगोलियाँ तैयार कीं, जिनमें पर्यावरण-अनुकूल (इको-फ्रेंडली) सामग्रियों और फूलों की पंखुड़ियों का सुंदर प्रयोग दिखा।

पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुए इस उत्सव में दीया सजावट प्रतियोगिता, पारंपरिक लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और नाट्य अभिनय जैसी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं।

कार्यक्रमों में अब गूंजेगा लविवि का कुलगीत

- लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांचों जिलों के समस्त महाविद्यालयों में संस्थागत गौरव और एकात्मता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अहम पहल की गई है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी औपचारिक शैक्षणिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधि के शुभारंभ अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध 'कुलगीत' का सस्वर वादन अथवा गायन कराया जाना अपेक्षित रहेगा। प्रो. सैनी ने कहा कि लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली जनपदों में फैले समस्त संबद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय परिवार के अभिन्न अंग हैं। महाविद्यालयों में वर्ष भर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमीनार, कार्यशालाएं, दीक्षा एवं सम्मान समारोह, वार्षिकोत्सव, नवागत विद्यार्थियों के दीक्षारंभ कार्यक्रम तथा युवा महोत्सव जैसी गतिविधियों के प्रारंभ में कुलगीत बजाया जाना चाहिए।

I NEXT

लखनऊ विवि की ओर से जारी किया गया दिशा निर्देश

कॉलेजों में भी गूंजेगा LU का कुलगीत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) से संबद्ध 500 से अधिक कॉलेजों में अब किसी भी बड़े कार्यक्रम की शुरुआत विवि के अधिकृत कुलगीत से होगी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने निर्देश जारी किए हैं कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, वर्कशॉप, दीक्षारंभ, दीक्षांत, वार्षिकोत्सव और युवा महोत्सव जैसे आयोजनों में राष्ट्रगान से पहले कुलगीत का गायन या वादन अनिवार्य रूप से कराया जाए। यह व्यवस्था लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू होगी। इसका मकसद छात्रों को विवि की शताब्दी पुरानी ज्ञान परंपरा, ऐतिहासिक विरासत और सामूहिक चेतना से जोड़ना है।



बंद हुआ दाखिले का पोर्टल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले का पोर्टल शनिवार को पूरी तरह से बंद हो गया। अब सत्र 2026 के लिए एलयू व संबद्ध कॉलेजों में कोई भी दाखिले का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाएगा। एलयू रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख शनिवार रात 12 बजे तक थी जो समाप्त हो गई है। एलयू ने साफ कर दिया है कि विवि की ओर से दोबारा पोर्टल नहीं खोला जाएगा। विवि इस सत्र के लिए डेटा बेस भी तैयार कर रहा है कि इस बार कितनों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो अन्निय गैरव ने बताया कि लगभग दो लाख छात्र एलयूआरएन में रजिस्ट्रेशन कराते हैं। इस साल का डेटा अभी देखा जा रहा है, लगभग इतनी ही संख्या होने की संभावना है। शनिवार को जिन छात्रों ने एलयूआरएन में रजिस्ट्रेशन कर लिया है वह किसी भी कॉलेज में दाखिला लेकर इस साल की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में स्नातक (यूजी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से शुरू होंगी। परीक्षा विभाग ने शनिवार को बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का प्रस्तावित शेड्यूल वेबसाइट पर जारी कर दिया। अन्य सेमेस्टर की परीक्षाओं का शेड्यूल पहले ही जारी हो चुका है, जो 17 नवंबर से शुरू होनी है। तय शेड्यूल के तहत 28 नवंबर से बीए और बीएससी की परीक्षाएं शुरू होंगी, जबकि बीकॉम का पहला पेपर 30 नवंबर को कराया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा तिथियों पर कोई आपत्ति है, तो वह 14 नवंबर तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और इसी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं कराई जाएंगी।

I NEXT

प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 28 से

LUCKNOW (7 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम शनिवार को जारी कर दिया. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार बी.ए एनईपी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से 18 दिसंबर तक, बी.एससी प्रथम सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 28 नवंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी. वहीं, बी.काम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का संचालन 30 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा. प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम लविवि ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है. इसमें 14 नवंबर को शाम पांच बजे तक ई-मेल ceo@lkouniv.ac.in अथवा वाट्सएप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं.